तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 4 अगस्त 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 वाणिज्य दिवस की प्रश्नोत्तरी में पैराडाइज के छात्रों ने...



12 16 लीटर शराब व 10 हजार रुपए जब्त...



## खबर संक्षेप



### सिहावा में जलाभिषेक के लिए आज कांवड़ यात्रा

**दुधावा।** सरोना तहसील अंतर्गत श्री भीमा महादेव सेवा समिति ग्राम बरकई, दक्षेश्वर महादेव धनोरा, दक्षेश्वर महादेव दुधावा, साल्हेटोला, सारवंडी एवं दलदली के तत्वाधान में 04 अगस्त सोमवार को कांवड़ यात्रा का आयोजन रखा गया है। बरकई के शिवभक्त कांवड़ लेकर महानदी के उद्गम स्थल सिहावा से जल लेकर जलाभिषेक भीमा महादेव बरकई एवं दक्षेश्वर महादेव धनोरा और दक्षेश्वरर महादेव दुधावा में करेंगे। विगत सात वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन रखा गया है। इस कांवड़ यात्रा पर लगभग हजारों की संख्या शिवभक्त सम्मिलित होंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने शिवभक्त जुटे हुए हैं।

### दुर्गूकोंदल-दमकसा मार्ग पर पीचिंग कार्य प्रारंभ



**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल ब्लाक में खराब सड़को से लोग काफी परेशान हैं। दमकसा से दुर्गुकोंदल मुख्य मार्ग में सैकडो.के संख्या में गड्ढे हो गए है, जिसे मिडिया के माध्यम से ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा शासन प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा था कि खराब सड़क को जल्द बनाए अन्यथा कांग्रेस क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ मिलकर चक्का जाम व धरना प्रदर्शन में बैठ जाएगा, जिसे मिडिया ने प्रमुखता से प्रकाशित किया और दो दिनों के भीतर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा संज्ञान में लेकर दुर्गुकोंदल से दमकसा मार्ग के खराब सड़क पर पेंचिंग कार्य प्रारंभ कर दिया है।

### पीएमश्री नरहरपुर में रविवार को उपचारात्मक कक्षाएं जारी



**नरहरपुर।** पीएमश्री सेजेस नरहरपुर विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। विद्यालय से कक्षा दसवीं की छात्रा तेजस्वी सोम का चयन राज्य स्तर पर खेल के लिए हुआ है और साथ ही बाल संसद का गठन किया गया है। विद्यालय में हर रविवार को उपचारात्मक कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है, जिससे बोर्ड शेष पेज 10 पर

## गड़बड़ी : खनिज विभाग ने की कार्रवाई पर एनजीटी का प्रतिबंधित रहा बेअसर

# हाराडुल पुल धसने से पूर्व तीन रेत तस्करों पर हुई थी कार्रवाई, पर परिवहन जारी रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हारडुला पुल धंसने के बाद कई खुलासे सामने आते जा रहे है। खनिज विभाग अब कह रहा है कि सराधुनवागांव के ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर रेत तस्करों पर कार्यवाही किया गया था। एनजीटी के द्वारा प्रतिबंधित समय में रेत तस्कर रेत निकाल रहे थे, उस पर कड़ी कार्यवाही होती, तो शायद रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन रूक जाता। ग्रामीणों का कहना है कि मामले की जाँच करके रेत तस्करों पर एफआईआर दर्ज किया जाएं। रेत तस्करों की लापरवाही के कारण अब इस पुल पर चलना संभव नहीं दिख रहा है। हरिभूमि ने रेत तस्करों के चेहरे सामने लाने का प्रयास किया, जिनकी वजह से हाराडुला पुल धंसा। जानकारी के अनुसार नायब तहसीलदार ने 17 जुलाई को सराधुनवागांव शेष पेज 10 पर

हरिभूमि फॉलोअप

**खास बातें**

- ग्रामीणों की मांग पुल धसने की जांच करके दोषियों पर करें कड़ी कार्रवाई
- पुल के नीचे से रेत निकालने के कारण ही हाराडुला का पुल धसा



विडंबना : स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं मौन साधने वाले ग्रामीण भी जिम्मेदार

रेत परिवहन से करोड़ों का हाराडुला पुल हुआ समय से पूर्व क्षतिग्रस्त, तस्कर जिम्मेदार




### पेट्रोलिंग की गई पर कुछ मिला नहीं

चारामा थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार साहू ने बताया कि खनिज विभाग ने लिखित में रेत के अवैध उत्खनन, भंडारण और परिवहन के बारे में पत्र मिला था। उस पत्र के बाद हमारी पेटोलिंग टीम लगातार भ्रमण करती रही, परंतु ऐसा कुछ नहीं मिलने से कोई कार्यवाही नही हो पाई। ग्रामीणों का कहना है कि गुहार लगाने के बाद भी सही ढंग से कार्यवाही नहीं हो पाई।

### सराधुनवागांव के सरपंच व ग्रामीण ने किया था आगाह

सराधुनवागांव के सरपंच एवं ग्रामीणों ने लिखित में एसडीएम, नायब तहसीलदार और खनिज विभाग को आगाह किया था कि पुल के नीचे से रोज रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन हो रहा है, इस पर रोक लगाई जाएं, नहीं तो पुल क्षतिग्रस्त हो सकता है। ऐसा आगाह किए जाने के बाद जिस ढंग से कार्यवाही होनी चाहिए, वैसी कार्यवाही नहीं होने के कारण रेत तस्करों के हौसले बुलंद रहे और हाराडुला पुल धंस गया। मेरी यहीं माँग है कि पुल धंसने की जाँच किया जाए और हाराडुल पुल के आसपास के गांव के लोगों से बातचीत करके दोषी को खोजा जाएं और उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही किया जाए।

### खनिज विभाग ने कार्रवाई के लिए थानेदार को लिखा था पत्र



प्रतिबंध के बादभी अवैध रेत के परिवहन पर कार्यवाही को लेकर खनिज विभाग ने चारामा के थाना प्रभारी को पत्र लिखा था, उसमें उल्लेखित था कि ग्राम पंचायत सराधुनवांगांव के सरपंच द्वारा उनके पंचायत क्षेत्र अंतर्गत महानदी से रेत चोरी की शिकायत किया है। जिसके संबंध में 27 जून 2025 को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्रदीप सिन्हा, भोज सिन्हा और नीरज साहू द्वारा ग्राम सराधूनवागांव में स्थित भूस्वामी हक की निजी भूमि में महानदी से रेत की अवैध निकासी कर भण्डारण एवं बिक्री किया जाना पाया गया। तत्संबंध में संबंधितों को नोटिस जारी कर कार्य बंद करने आदेशित किया गया है, परन्तु उक्त व्यक्तियों द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर रात्रि में अवैध रेत के उत्खनन एवं परिवहन का कार्य किए जाने की शिकायत निरंतर प्राप्त हो रही है। ग्राम सराधूनवागांव महानदी क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिंग के माध्यम से अवैध कृत्य में संलिप्त व्यक्तियों पर निगरानी करते हुए यथोचित कार्यवाही करने का कष्ट करें।

### खेत घेरा के करंट से महिला की मौत, मामला दर्ज



**कांकेर।** बांदे थाना क्षेत्र में फसल की सुरक्षा के लिए किसान ने खेत में झटका तार लगाकर खेत को घेरा हुआ था। झटका तार के संपर्क में आने से एक महिला की मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतिका पालनदी निवासी 49 वर्षीय सुकमय गावड़े पति मंगडू गावड़े 24 अप्रैल को बकरी चराने अपने खेत व मनकू राम गावड़े के खेत तालाब के तरफ के लिए गई थी। मृतिका बकरी चराने के दौरान तालाब में मछली पकड़ रही थी और मछली पकड़कर निकल रही थी। मनकू राम गावड़े द्वारा अपने खेत की फसल की सुरक्षा के लिए खेत में लगाए गए झटका तार से मृतिका सुकमय गावड़े के बांए हाथ फंस गया था। मृतिका का शरीर झटका तार से करेंट लगने से शरीर काला पड़ गया था और मृत्यु हो गई थी। किसान मनकू राम गावड़े द्वारा लापरवाही पूर्वक झटका तार में घरेलु विद्युत कनेक्शन से जोड़ दिया था, जिस संबंध में विद्युत विभाग के उप अभियंता से घटना स्थल का निरीक्षण कराकर जानकारी चाहने पर पाया गया कि आरोपी किसान द्वारा अपने शेष पेज 10 पर

# प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा में कड़ा परीक्षण, कपड़े बदलने घर लौटना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

व्यापमं ने रविवार 3 अगस्त को प्रयोगशाला परिचारक परीक्षा आयोजित किया था। इस बार भी परीक्षा में कपड़ों के चलते परीक्षार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों को केंद्र पहुंचने के बाद कपड़े बदलने वापस जाकर आना पड़ा। कई परीक्षार्थियों को वापस लौटने में विलंब हो गया जिसकी वजह से परीक्षा देने से वंचित रह गए। जिलेभर में परीक्षा के लिए 24 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे और रविवार को प्रयोगशाला परिचारक परीक्षा सुबह 11 से दोपहर 1.15 बजे तक परीक्षा हुई। पंजीकृत 5534 परीक्षार्थी थे जिनमें से 4855 ने परीक्षा दिलाई, 679 अनुपस्थित रहे। परीक्षा को लेकर कड़ी जांच से गुजरना पड़ा। परीक्षा केंद्रो में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। परीक्षार्थियों को 2 घंटा पहले पहुंचने निर्देश था। परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले 10.30 बजे परीक्षा केंद्र का गेट बंद कर दिया गया। परीक्षार्थियो को मूल पहचान पत्र के साथ ही अंदर जाने दिया गया। जांच के दौरान इलेक्ट्रानिक घड़ी के साथ चाबी भी बाहर निकाल रखने कहा गया। कान व गले में पहने चैन भी निकलवा दिए गए। परीक्षार्थियो को डार्क व लाल कपड़ों प्रवेश नहीं दिया गया। काफी परीक्षार्थी डार्क रंग के कपड़े पहनकर आ गए थे, जिन्हें लाईट कलर के कपड़े पहनकर आने कहा गया। बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों ने दुकानो में पहुंच नए कपड़े खरीदकर पहने तथा परीक्षा दिलाई। कुछ परीक्षार्थियों को पहुंचने में विलंब हो गया और शेष पेज 10 पर

- परीक्षार्थियों को केंद्रों में प्रवेश के लिए करनी पड़ी मशक्कत

### आस्तीन कटवानी पड़ी

अंतागढ़ के ग्राम कलेपरस की नीता मरकाम ने कहा फुल आस्तीन का कपड़ा पहनकर आ गई थी। पीजी कालेज में कैंची नहीं होने पर एक दुकान से फुल आस्तीन का कपड़ा कटवाकर आई। आधा मिनट विलंब होने से परीक्षा देने से वंचित होना पड़ा। 6 माह पहले फार्म भर शुरू से तैयारी कर रही थी। बांदे के प्रताप उसेंडी ने कहा कपड़ा बदलकर आने में विलंब हुआ और परीक्षा नहीं दिला पाए। विश्रामपुरी की नीता सेन ने कहा डार्क ड्रेस पहनकर आ गई थी। बदलकर आने में विलंब हो गया और परीक्षा नहीं दिला पाई।

**पार्षद वाट्सएप ग्रुप पर बता रहे हैं- आज पानी नहीं आएगा**

# दो दिनों से शहर में पेयजल सप्लाई ठप, एनीकट कटाव से बढ़ी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



बागोड़ एनीकट में कटाव बढ़ जाने से पानी टंकी की तरफ पानी के एकत्र नहीं हो पाने से कांकेर शहर में पानी सप्लाई प्रभावित हो गई है। दो दिनों से पानी सप्लाई बाधित हो जाने से शहर में हडकंप मच गया है। पार्षद वाट्सएप ग्रुप में यह बता रहे है कि आज पानी नहीं आएगा। पानी कब तक सप्लाई हो पाएगी, यह नहीं बताया जा रहा है। इस मामले में सब इंजीनियर से संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु संपर्क नहीं हो सका, वहीं नपा की एक टीम बीती रात को 2 बजे तक डटी रही।

जानकारी के अनुसार बागोड़ एनीकट में कटाव की दिक्कत कोई पहली बार नहीं है, इसके पहले भी इस तरह की समस्या आ चुकी है। इसे ठीक करने के लिए जल संसाधन विभाग के पास करोड़ो की राशि स्वीकृत हो चुकी है, परंतु बारिश के बाद ही काम संभव हो पाएगा। एक सप्ताह पहले कटाव की जानकारी मिलने पर नगर पालिका के जल आवर्धन में लगी टीम ने मशक्कत किया, परंतु दो दिन से पूरी तरह से पानी बह जाने के कारण पानी टंकी की ओर नहीं मिल पा रहा था, जिसके चलते कांकेर शहर में पानी की सपलाई दो दिनों से पूरी तरह से ठप्प हो गई थी। बीती रात को नपा की एक टीम रात 2 बजे तक कटाव को रोकने के लिए चैन माउंटेन की मदद से काम करवाया और 3 अगस्त को भी टीम सुबह से लगी रही। जानकारी के अनुसार कटाव को रोकने के बाद पानी टंकी की ओर आया और टंकी में पानी भरना शुरू हो गया है। पानी की निर्वाध सप्लाई 4 अगस्त से समय के अनुसार होने लगेगा। एनीकट की मानीटरिंग जल संसाधन विभाग को करना है, परंतु एनीकट में आई गड़बड़ी के कारण कांकेर शहरवासियों को पानी की दिक्कत का सामना करना पड़ता है। दो दिन से पानी नहीं मिलने से शहर में हाहाकार मच गया था।


नपा टीम के अथक प्रयास के बाद दूसरे दिन रविवार 3 अगस्त को देर शाम कई वार्डो में पानी की सप्लाई किया गया, जिससे कई मुहल्ले के लोगों ने राहत की सांस लिया। जल प्रभारी संजय सिंह चौहान ने बताया कि सोमवार 4 अगस्त से सभी वार्डो में अपने अपने समय के अनुसार पानी सप्लाई किया जाएगा।

# सड़क दुर्घटना में मंडी निरीक्षक की मौत, ट्रक चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय राजमार्ग चारामा में ड्यूटी से अपने घर जा रहें बाइक सवार को ट्रक ने पीछे से ठोकर मार दिया। ठोकर से बाइक सवार को गंभीर चोट आया व मौके पर ही मौत हो गया। मृतक के भतीजा ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे ब्लॉक कॉलोनीपारा वार्ड क्रमांक 12 चारामा निवासी 39 वर्षीय



कमलेश कुमार सेन पिता स्व. नंदकुमार सेन ने पुलिस को बताया कि मेरे चाचा वार्ड क्रमांक 12 निवासी 58 वर्षीय पुरूषोत्तम सिंह सेन पिता स्व. बाबूलाल सेन केशकाल में कृषि उपज मंडी में निरीक्षक के पद पर पदस्थ थे और प्रतिदिन मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएन 0295 से घर से आकर बस स्टेण्ड में मोटर सायकल छोड़कर बस से ड्यूटी केशकाल आना जाना करते थे। प्रतिदिन की तरह 2 अगस्त को बस स्टैण्ड के पास मोटर सायकल खड़ी कर बस से ड्यूटी केशकाल गए थे और वापिस बस से आकर शाम को बस स्टेण्ड से मोटर सायकल से स्वयं चलाते हुए अपने घर जा रहे थे। रास्ते में राष्ट्रीय राजमार्ग 30 डीजे बाजार दुकान चारामा के पास शाम लगभग सवा 4 बजे पहुंचे थे, तभी आरोपी ट्रक क्रमांक सीजी 7 सीसी 7426 का चालक अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से चाचा के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे चाचा मोटर सायकल सहित रोड पर गिर गया। सड़क पर गिरने से सिर, चेहरा, पेट व हाथों में गंभीर चोट आने के कारण मौके पर ही मौत हो गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 07 सीजी 7426 के चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

# प्राचार्य एवं संकुल समन्वयकों के बैठक में तय हुई रणनीति

**भानुप्रतापपुर।** खंड शिक्षा कार्यालय की सभा कक्ष में विकासखंड के समस्त प्राचार्य एवं संकुल समन्वयकों के बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद के द्वारा किया गया, जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय समस्त प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक संघ के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के प्रथम आगमन पर गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सदेसिंह कोमरे के द्वारा कार्यालय के समस्त अमला तथा संकुल समन्वयको का परिचय करवाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक शिक्षा एवं भविष्य के लिए आत्म चिंतन करने के लिए



प्रेरित करने तथा विशेष कर गरीब परिवारों के बच्चों को ऊपर उठने के लिए प्रेरित किया गया प्राथमिक शाला के बच्चों को उनके मातृभाषा से हिंदी भाषा में शेष पेज 10 पर

## कांवड़ियों का स्वागत रास्ते पर जगह जगह विभिन्न संगठनों ने किया

# डेढ़ किमी लंबी निकाली गई कांवड़ यात्रा में भजन-कीर्तन की धूम व बोल बम का जयघोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ऊपर नीचे रोड शिव मंदिर समिति के तत्वाधान में रविवार 3 अगस्त को कांवड़ यात्रा निकाली गई। सरंगपाल से कांवड़िए पैदल शहर के ऊपर नीचे रोड शिव मंदिर में जल अभिषेक करने रवाना हुए। रास्ते भर भजन कीर्तन करते कांवड़ए आगे बढ़ते रहे। कांवड़यों का स्वागत रास्ते में जगह जगह विभिन्न संगठनों ने किया।

रविवार को सुबह 7 बजे से कांकेर शहर के ऊपर नीचे रोड शिव मंदिर में कांवड़िए एकत्र होने लगे थे और सभी कांवड़ियों को



बस के माध्यम से सरंगपाल महानदी तट रवाना किया गया। कांवड़ियों ने सुबह 8.30 बजे त्रिवेणी संगम महानदी तट में बालू से शिवलिंग बनाकर पूजन किया, फिर महानदी से जल लेकर भगवान भोलेनाथ के जयकारा लगाते आगे बढ़े। महानदी तट से 200 मीटर दूर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पूजन किया, फिर कांवड़ यात्रा बाजा गाजा के साथ आगे बढ़ी। कांवड़ यात्रा में सभी उम्र के लोग बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हुए। दो पंक्ति में चल रहे कांवड़ियों की डेढ़ किमी लंबी लाईन थी। प्रायः कांवड़िए पारंपारिक वेशभूषा में शामिल हुए। शहर के साथ गांव गांव से श्रद्धालु कांवड़ यात्रा में शामिल होने पहुंचे थे। कांवड़ यात्रा ग्राम सरंगपाल से माटवाड़ा मोदी, पंडरीपानी, अन्नपूर्णापारा से सेन चौक, सिंधी धर्मशाला से रमा शेष पेज 10 पर



